पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 04.12.2024

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 07 वांछित अभियुक्त एवं NBW में 01 वारण्टी गिरफ्तार।

दिनांक- 03/04.12.2024 को-

01-थाना चिनहट में पंजीकृत मु0अ0सं0 562/24 धारा 64(2)/351(2)/127 BNS से सम्बन्धित अभियुक्त अमन कुमार वर्मा

02-थाना चौक में पंजीकृत मु0अ0सं0 247/24 धारा 317(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त अफजल

03-थाना काकोरी में पंजीकृत मु0अ0सं0 311/24 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 01-शुभम उर्फ मोनू 02-अखिलेश उर्फ अखिल 03-श्रीकृष्ण उर्फ किशन

04-थाना पीजीआई में पंजीकृत मु0अ0सं0 794/24 धारा 191(2)/70(1)/115(2)/140(1) BNS से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01- रंजीत 02- सुनील यादव गिरफ्तार।

एवं

NBW में थाना मलिहाबाद से 01 वांछित वारण्टी गिरफ्तार।

जोन दक्षिणी

थाना सुशान्तगोल्फ सिटी-

दिनांक 03.12.2024 को वादी श्री अखिलेश गोयल निवासी-फ्लैट 410-जे-601, सेलिब्रेटी ग्रीन्स, सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ ने थाना स्थानीय पर सूचना दिया कि दिनांक 26.08.2024 को वादी के एक्सिस बैंक, गोल्फ सिटी ब्रांच से कुल 4,50,000/-रूपये मो0नं0 9676445517 के द्वारा फ्राड कर लिया गया है, तथ्य अंकित हैं। **इस सूचना पर तत्काल थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पर मु0अ0सं0 633/2024 धारा 318(4) बीएनएस व 66 आई0टी0 एक्ट का मो0नं0 9676445517 के धारक नाम पता अज्ञात पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

जोन पश्चिमी/थाना ठाकुरगंज

फांसी लगाकर आत्महत्या-

दिनांक 03/ 12/ 2024 को समय करीब रात्रि के 10.00 बजे थाना क्षेत्र ठाकुरगंज के मोहल्ला हरी नगर में रहने वाले रंजीत कनौजिया उम्र करीब 20 वर्ष ने घर में लगे जाल में दुपट्टे के सहारे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। जिसे इलाज हेतु परिजन एरा मेडिकल कॉलेज ले गये, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। **सूचना पर तत्काल एस0आई0 श्री अतुल कुमार थाना ठाकुरगंज द्वारा मौके पर पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायतनाम भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।** प्रथमदृष्टया परिजनो से जानकारी हुयी कि मृतक मजदूरी का कार्य करता था। मृतक की शादी नहीं हुई थी। **अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

जोन पूर्वी

थाना चिनहट-

दिनांक 03.12.2024 को वादिनी श्रीमती नेहा निवासी-आदर्श नगर खण्ड-2, मटियारी चिनहट लखनऊ ने थाना स्थानीय पर सूचना दिया कि दिनांक 03.12.2024 को वादिनी उक्त घर में रहने वाले किरायेदार हरिओम पाण्डेय द्वारा घर में चोरी होने के सूचना मिली। तत्पश्चात वादिनी अपने पति के साथ अपने उक्त घर पर पहुंची तो देखा मेन गेट का ताला टूटा हुआ है, घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। कमरे व आलमारी का ताला तोड़कर लॉकर में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवरात को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है, तथ्य अंकित हैं। **इस सूचना थाना चिनहट पर तत्काल मु0अ0सं0 564/2024 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस अज्ञात पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**